Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to establish an additional branch of public sector bank at Chakur Tehsil in Latur district, Maharashtra-laid.

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे (लातूर): महाराष्ट्र के लातूर जिले के चाकूर तहसील में बैंकिंग सेवाओं की कमी के कारण आम आदमियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । पहले इस तहसील में स्टेट बैंक आफ इंडिया तथा स्टेट बैंक आफ हैदराबाद की एक एक ब्रांच कार्यरत थी । स्टेट बैंक आफ हैदराबाद का विलय स्टेट बैंक आफ इंडिया में हो जाने के कारण यहां इस समय स्टेट बैंक आफ इंडिया की केवल एक ब्रांच ही कार्यरत है । इस ब्रांच में केवल 6 कर्मचारी/अधिकारी कार्यरत हैं तथा सिर्फ एक काउंटर से ही सभी तरह की बैंकिंग सेवाएं उपलबध कराई जाती हैं । इस कारण यहां के आम आदमियों को बैंक में छोटे छोटे कामों को करवाने के लिए एक से दो घंटों तक का इंतजार करना पड़ता है ।

इस स्टेट बैंक की ब्रांच में इस समय 80000 क्रियाशील बैंक खाते हैं । चाकूर तथा इसके आसपास के गांवों की कुल आबादी लगभग 5 लाख है । यही नहीं यह ब्रांच सरकारी योजनाओं के तहत दिए जाने वाले ऋण सेवाओं को 32 गांवों में दिए जाने के लिए प्राधिकृत है । उपरोक्त के मद्देनजर मेरा सरकार से अनुरोध है कि चाकूर में प्राथमिकता के आधार पर सरकारी बैंक की कम से कम एक और ब्रांच तत्काल खोली जाए 1 जब तक नई ब्रांच अपना काम चालू नहीं करती तब तक के लिए स्टेट बैंक की वर्तमान शाखा में कर्मचारियों की संख्या तत्काल बढ़ाई जाए तथा यहां कम से कम चार काउंटरों से बैंकिंग सेवाएं नियमित आधार पर उपलब्ध कराई जाएं । इन काउंटरों पर अलग अलग सेवाएं जैसे धन जमा कराना, धन निकालना, बैंक से संबंधित अन्य कार्य तथा चौथे काउंटर पर ऋण संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ।